■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-10)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 08 अप्रैल, 2024




सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर हुआ एक्शन 3
दिहाड़ी पर दो हजार के नोट बदलवाने का सिंडिकेट सक्रिय 8

### जनता ने मोदी का किया जोरदार स्वागत

## संदेशखाली का मुद्दा उठाकर पीएम ने बंगाल सरकार को लिया आड़े हाथों

बिहार के नवादा में जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। एक बड़ी फूल माला के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले ही जलपाईगुड़ी के अनेक क्षेत्रों में तूफान के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मेरा हर पल, हर क्षण देश के लिए



है इसलिए 24/7 मैं 2047 के लिए कार्य कर रहा हूं।पीएम ने कहा, हमारी सरकार की योजनाओं ने गरीब के जीवन को आसान बनाया है। हमने गरीब का स्वाभिमान लौटाया है, उसका गौरव बढ़ाया है। मोदी ने 10 साल में जो विकास कार्य किया है, वो सिर्फ ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे ले जाना है, हमें भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाना है। उन्होंने आगे कहा, देश के हर गरीब का सशक्तिकरण बीजेपी सरकार की प्राथमिकता है। लेकिन गरीब कल्याण की मोदी की योजनाओं पर यहां की टीएमसी सरकार ब्रेक लगा देती है। टीएमसी सरकार ने चाय बगानों को, टी इंडस्ट्री को अपने हाल पर छोड़ दिया है। इसलिए इस चुनाव मेंटीएमसीको सबक सिखाना जरूरी है।

पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले, इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती है तो टीएमसी उनपर हमले करती है, और लोगों से करवाती है। TMC कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी है। टीएमसी, वामदल और कांग्रेस ने एक-दूसरे के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए INDI गठबंधन बनाया है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार मिटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चाहे जो बोलें, मैं आपको गारंटी देता हूं कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ और तेज कार्रवाई होगी।

संदेशखाली का मुद्दा उठाते हुए पीएम मोदी ने जनता से पूछा, %संदेशखाली में क्या हुआ? ये पूरा देश जान चुका है। वहां माताओं-बहनों के साथ कितना बड़ा अत्याचार हुआ है, ये पूरे देश ने देखा है। हालात ये है कि हर मामले में यहां कोर्ट को दखल देना पड़ता है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज जब भाजपा की मजबूत सरकार ने आर्टिकल-370 की दीवार को हटा दिया, तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि मोदी देश के दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करता है.... दूसरे राज्यों का कश्मीर से क्या लेना-देना। कांग्रेस के लिए कश्मीर कुछ नहीं, लेकिन 140 करोड़ देशवासियों के लिए कश्मीर, मां भारती के मस्तक समान है। कश्मीर भारत का गौरव है।

## पीएम मोदी को चार जून के बाद लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा, यह जनता की गारंटी है : जयराम रमेश



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पार्टी की गारंटियों से घबराए हुए हैं और अपनी कुर्सी बचाने की बौखलाहट में बेबुनियाद बातें कर रहे हैं।

बिहार के नवादा जिले में रविवार को एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और उसके नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, भारत के लोग अब प्रधानमंत्री के झूठ से थक चुके हैं। चार जून के बाद उनको लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा। यही भारत के लोगों की गारंटी है। लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय पचीस गारंटी 10 साल के अन्याय-काल के बाद भारत के लोगों में एक नयी उम्मीद जगा रही है।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय पच्चीस गारंटी भारत के लोगों में 10 साल के अन्याय-काल के बाद एक नयी उम्मीद जगा रही है। इस गारंटी कार्ड से घबराए हुए प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने की बौखलाहट में बेबुनियाद बातें कर रहे हैं। भारत के लोग अब प्रधानमंत्री के झूठ से थक चुके हैं। चार जून के बाद उनको लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा।

## भाजपा नेता खुद को क्या भगवान समझते हैं : तेजस्वी यादव

पटना। विपक्षी दलों पर ''सनातन धर्म'' के खिलाफ होने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोपों पर सख्त एतराज जताते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अपने आपको क्या भगवान समझते हैं, उनका विरोध करना क्या भगवान का विरोध करना है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि जनता के असंतोष और लोकसभा चुनाव पर इसके संभावित प्रभाव ने प्रधानमंत्री को ''डरा'' दिया है, और यही कारण है कि जीत का दावा करने के बावजूद वह गहन प्रचार कर रहे हैं।बिहार के नवादा जिले में एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ''सनातन विरोधी'' हैं, इस बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा, ''यह एक प्रधानमंत्री के लिए अशोभनीय है।''

यादव ने कहा, ''यह सर्वविदित है कि मेरे घर के परिसर में एक छोटा मंदिर है, जहां मेरे परिवार के सभी सदस्य पूजा करते हैं...यह कोई दिखावा करने की चीज नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, ''भाजपा नेता अपने आपको क्या भगवान समझते हैं, उनका विरोध क्या भगवान का विरोध है। जो कोई भी उस पार्टी का विरोध करता है उसे विधर्मी करार दिया जाता है। भगवान सब देख रहे हैं और सबको वहीं जाना है।''


राजद नेता ने कहा, ''भगवान जब न्याय करेंगे तब इन लोगों को पता चल जाएगा कि अपनी तुलना भगवान से ना करें। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि नवादा के भाषण में प्रधानमंत्री ने उन मुद्दों पर जवाब नहीं दिया जो उन्होंने सुबह-सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में उठाए थे। तेजस्वी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री से पूछा था, ''वो भाजपा के ''संस्थागत, संगठित और व्यवस्थित भ्रष्टाचार'' को छुपाने के लिए हमेशा विपक्ष और विपक्षी नेताओं को ही भ्रष्टाचारी तथा घोटालेबाज क्यों बताते रहते हैं।'' उन्होंने कहा था, ''प्रधानमंत्री बतायेंगे कि कैसे विपक्ष के सभी कथित भ्रष्टाचारी नेता ईडी, सीबीआई एवं आईटी विभाग की मदद से भाजपा में शामिल हुए हैं।'' पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री बतायेंगे कि क्यों जांच एजेंसियां भाजपा नेताओं के घर छापा नहीं मारती, उनकी जांच क्यों नहीं होती।''



उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी यह दावा करने के लिए फटकारा कि राजग के सत्ता में आने से पहले जब राज्य राजद शासन के अधीन था, बिहार में कोई अच्छा काम नहीं हुआ था। राजद, कांग्रेस और वामदलों के साथ महागठबंधन में शामिल रहे जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने जनवरी में अचानक राजद से नाता तोड़ भाजपा नीत राजग में शामिल हो गए थे। नीतीश इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से उखाड फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### उमेश पाल हत्याकांड

## इस बार नहीं मार पाए तो मुंह मत दिखाना, माफिया अतीक के बेटे अली ने शूटरों से कहा था



प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के खिलाफ उमेश पाल हत्याकांड मामले में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक हत्याकांड की पूरी जानकारी नैनी जेल में बंद अली को थी। गुलाम हसन सहित अन्य शूटर उससे मिलने के लिए कई बार जेल में गए थे। दो बार प्लान फेल हो जाने पर अली काफी नाराज था।उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या के मामले में दो दिन पहले आरोपी बनाए गए अतीक अहमद के बेटों उमर व अली के खिलाफ विवेचना में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में जेल भेजे गए अभियुक्तों ने बयान में बताया है कि अतीक से फेसटाइम पर होने वाली हर मीटिंग के बाद एक-एक बात की जानकारी जेल जाकर अली को दी जाती थी। पूर्व में दो बार प्लानिंग फेल होने के चलते एक बार गुलाम समेत अन्य शूटरों को उसने यह कहते हुए उकसाया भी था कि इस बार उमेश पाल को नहीं मार पाए तो दोबारा मुंह मत दिखाना।सूत्रों के मुताबिक, हत्याकांड से पहले शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान ने नैनी जेल में जाकर अली से पांच बार मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ सदाकत भी था। सदाकत ने पूछताछ में पुलिस को जो बयान दिया है, उससे अली की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं। उसने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग करते थे। ऐसी ही एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी हुई थी जिसमें वह शामिल था।

**अली से मिलने के लिए नैनी जेल में गए थे शूटर**

इस मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य शूटर उसे लेकर नैनी जेल में अली से मिलने पहुंचे थे और उसे एक-एक बात की जानकारी दी थी। इसके अलावा शाइस्ता के चकिया कसारी मसारी स्थित कमरे में होने वाली मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य नैनी जेल में अली से मिलने गए थे। हत्याकांड से पहले आखिरी बार जेल में हुई मुलाकात में अली ने गुलाम व अन्य को उकसाया भी था। उसने इस बार कोई चूक होने पर दोबारा शक्ल न दिखाने की बात कही थी। इस बात को लेकर गुलाम बहुत आक्रोशित था और जेल से लौटते वक्त उसने यह भी कहा था कि इस बार किसी भी हालत में वह काम पूरा करके रहेगा।

**जेल में बयान के बाद चार्जशीट**

सूत्रों का कहना है कि उमर व अली ने जेल से अपने भाई असद व शूटरों को दिशा-निर्देश भी दिए थे। अभियुक्तों के बयान के साथ ही नैनी व लखनऊ जेल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, जेल मुलाकाती रजिस्टर में की गई प्रविष्टि आदि ऐसे ही साक्ष्य हैं। फिलहाल इस मामले में अगली कार्रवाई दोनों अभियुक्तों का बयान दर्ज किया जाना है। विवेचक इस मामले में कोर्ट से अनुमति लेकर दोनों का बयान दर्ज करने नैनी व लखनऊ जेल में जाएंगे। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा सकता है।

सभी नगरवासियों को चैत्र नवरात्रि व ईदुल फित्र की हार्दिक शुभकामनाएं




बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

चैत्र नवरात्रि व ईदुल फित्र

की हार्दिक शुभकानाए







सम्पादक (बी.पी.साहू)

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

मो.8423454502,9335908846

## संपादकीय

### न्यायपत्र का पथ

देश चुनावी रंग में नजर आ रहा है। सभी राजनीतिक दल अपने वायदे-इरादे जाहिर कर रहे हैं। यूं तो कांग्रेस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झंडे तले राजग का विकल्प बनाने की तैयारी में जुटी है लेकिन शुक्रवार को उसने कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया गांधी, राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी किया। यूं तो घोषणापत्र में वे सभी मुद्दे शामिल हैं, जिनके आधार पर वह पिछले पांच सालों में मोदी सरकार को घेरती रही है। लेकिन पार्टी ने इसे न्याय पत्र का नाम दिया और 25 गारंटियों का जिक्र किया। जिसमें एससी,एसटी और ओबीसी के लिये आरक्षण की निर्धारित सीमा संविधान संशोधन के जरिये बढ़ाने की बात कही है। वहीं देश में किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने का वायदा किया गया। पार्टी ने दावा किया है कि जो हिंदुस्तान चाहता है वह कांग्रेस घोषणा पत्र में दिख जाएगा। इसमें शैक्षणिक संस्थानों व नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दस फीसदी आरक्षण का भी वायदा है। वहीं केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीस लाख नौकरियों के रिक्त पदों को भरने की बात कही गई। साथ ही राजस्थान की तर्ज पर पूरे देश में पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की बात कही गई। जैसे कि पहले भी राहुल गांधी कहते रहे हैं- देश में सामाजिक, आर्थिक और जातिगत सर्वे कराने की बात कही गई है। वहीं हाल में बार-बार सामने आए पेपर लीक मामले में कहा गया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन के जरिये कार्रवाई करके पीड़ितों को आर्थिक राहत दी जाएगी। डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझते हुए पार्टी ने कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों को मोबाइल फोन दिलाने का वायदा किया है। दूसरी ओर 21 साल से कम उम्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को दस हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि देने की बात कही है।

वहीं दूसरी ओर महिलाओं को लुभाने के लिये गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये हर साल व 2025 से केंद्र सरकार की आधी नौकरियां महिलाओं के लिये आरक्षित करने का वायदा भी है। पार्टी ने मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने के साथ ही चार सौ रुपये न्यूनतम राष्ट्रीय वेतन की गारंटी भी दी है। कई मुद्दों पर राजग सरकार के दौरान उठे विवाद के चलते कांग्रेस ने वायदा किया है कि पार्टी की सरकार बनी तो भोजन, पहनावे, प्यार, शादी और भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा व निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

# आर्थिक को गति भी देगा अंधाधुंध चुनावी खर्च

यह उनके काम आता है और वे खरीदारी करते हैं तथा खपत बढ़ाते हैं। यह सरकारी योजना मनरेगा की ही तरह है जहां उन्हें थोड़े समय के लिए ही सही पारिश्रमिक मिलता है और उनके खर्च पूरे करने में काम आता है। यह खपत बड़े पैमाने पर होती है और इससे काफी पैसा इधर से उधर होता है। इससे बाजारों में तेजी आ जाती है बेशक यह अस्थायी है लेकिन इसका असर दूरगामी होता है। कई मामलों में इसका असर चक्रीय भी होता है। कुछ क्षेत्रों में यह फिर निवेश की तरह काम करता है जिसके अपने फायदे हैं। इस बार संभावना है कि इतनी बड़ी राशि यानी 14 अरब डॉलर तक खर्च हो सकता है। यह राशि पाकिस्तान के सालाना बजट का एक-तिहाई है और यह अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों पर असर डालेगा। इसका सकारात्मक असर अवश्य दिखाई देगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



लोकसभा चुनाव आ गये हैं और पूरे देश में हलचल है। राजनीतिक दल, उनके उम्मीदवार और सरकार सभी सक्रिय हैं। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रचार में निकल पड़े हैं और सभाएं होने लगी हैं। बड़े नेताओं के तूफानी दौरे अब शुरू होने वाले हैं। लेकिन जो सबसे महत्वपूर्ण बात है वह है कि बड़े पैमाने पर पैसा बंटेगा और लगेगा। एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में खर्च की एक सीमा तय है और लोकसभा चुनाव में इस बार यह 95 लाख रुपये है जो पिछली बार से कहीं ज्यादा है। लेकिन सच्चाई है कि खर्च कई गुना ज्यादा होगा। देश में कुल कितना खर्च होने की संभावना है, इस पर बहस जारी है लेकिन अनुमान है कि इस बार यह पिछले लोकसभा चुनाव से दुगना होगा।

वर्ष 2024 में लोकसभा की 543 सीटों के चुनाव के लिए खड़े उम्मीदवार कितना खर्च करेंगे, यह उनके सामर्थ्य, उनकी पार्टियों और इलाके पर निर्भर करेगा। कई चुनाव क्षेत्र बहुत बड़े होते हैं और काफी खर्चीले भी होते हैं। स्वतंत्र संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 75-80 चुनाव क्षेत्र ऐसे रहे हैं जहां 2019 के चुनाव में हर निर्वाचन क्षेत्र में खर्च औसतन 40 करोड़ रुपये हुआ जबकि खर्च की सीमा महज 70 लाख रुपये प्रति उम्मीदवार थी। संस्था का कहना है कि उस चुनाव में 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए जो अनुमान से कहीं ज्यादा है। इसके पहले यानी 2014 में आम चुनाव में 30,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि 1999 में कुल खर्च 10,000 करोड़ रुपये था जिसे उस समय भी बहुत अधिक माना गया था।

अब 2024 का यह चुनाव कितना खर्चीला होगा, इसका भी अंदाजा लगाना उचित रहेगा। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस लोकसभा चुनाव में कुल 11.2 खरब रुपये यानी लगभग 14 अरब डॉलर खर्च होंगे। यह राशि पड़ोसी देश पाकिस्तान के कुल सालाना बजट के एक-तिहाई से भी ज्यादा है। और अगर इतना खर्च हुआ तो यह दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव होगा। इसमें सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार की भूमिका होगी। ज़ाहिर है, सत्तारूढ़ दल सबसे ज्यादा खर्च करेगा। कई निर्वाचन क्षेत्रों में रिकॉर्ड खर्च होगा। सरकारी एजेंसियों की रोक-टोक के बावजूद खर्च में कमी नहीं आएगी क्योंकि सवाल फिर वही यानी अस्तित्व का है और कोई भी हारना नहीं चाहता है। हर उम्मीदवार चाहे वह दमदार न हो, बड़ा खर्च करने से बाज नहीं आ सकता है, क्योंकि एक जीत उसकी जिंदगी बदल सकती है।


चुनाव में उम्मीदवार तरह-तरह के खर्चों के लिए पैसे लगाते हैं जिनमें कार्यकर्ताओं से लेकर व्यवस्था करने वाले ठेकेदारों को बड़ी राशि मिलेगी। लोकसभा चुनाव में हर उम्मीदवार को हजारों कार्यकर्ताओं की सेवा लेनी होती है। हर बूथ पर कार्यकर्ता रखने से लेकर प्रचार करने तक। वह जमाने गये जब पार्टी या उम्मीदवार के नाम पर कार्यकर्ता खुद ब खुद आ जाते थे और अपना योगदान देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है, कार्यकर्ता की हैसियत और उसकी ताकत के हिसाब से उसे पैसे मिलते हैं जो वह उस पूरी चुनाव अवधि यानी दो या तीन महीने तक पाता रहता है। यह भी एक तरह का रोजगार है। ऐसे ही पैसे ट्रांसपोर्टरों, रसोइयों, खाने-पीने का सामान बेचने वालों, होटलों-रेस्तरां, प्रिंटिंग प्रेस वालों, संचार साधनों की व्यवस्था करने वालों को भी मिलते हैं। इसकी भी संख्या लाखों में होती है। झंडे-पर्चे की अगर पार्टी ने व्यवस्था कर दी तो ठीक है अन्यथा उम्मीदवार खुद ही उन पर खर्च करता है और यह राशि मोटी होती है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों की मदद के लिए कई तरह से खर्च करते हैं। यह सारा खर्च लगातार बाज़ार में पहुंचता रहता है। ऐसे ही एक अवधि तक लगातार पैसे खर्च होते रहते हैं और फिर अर्थव्यवस्था में ही जाते हैं।

ऐसा नहीं है कि चुनाव में सिर्फ उम्मीदवार, राजनीतिक दल या उनके समर्थक ही पैसा खर्च करते हैं। सरकारें भी बड़े पैमाने पर खर्च करती हैं। कर्मचारियों तथा पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवानों की तैनाती, उनके खाने-पीने से लेकर वाहनों की व्यवस्था पर सरकारें बड़े पैमाने खर्च करती हैं। इसके अलावा भी अन्य तरह के सामानों की खरीद की जाती है जिस पर भारी खर्च आता है। यह खर्च भी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। खरीदारी और खपत बढ़ती जाती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था खपत पर आधारित है और इसका विकास खपत पर ही निर्भर करता है। आपको याद होगा कि श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में यह बात कही थी कि देश में घरेलू खपत बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर अच्छा असर पड़ा है। जीडीपी के विकास की दर बढ़ी है। पूंजी प्रवाह से ही हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती है। इस बार इतना धन आ रहा है कि इसका असर निश्चित रूप से पड़ेगा। चुनाव जैसे मामले में जहां पैसा संबद्ध लोगों को मिलता है वहां खर्च भी तेजी से होता है। इस धन का बड़ा हिस्सा व्हाइट मनी नहीं होता है और चंदे वगैरह के रूप में आता है जो बैंकों वगैरह में फिर जमा नहीं होता है बल्कि सीधे खर्च कर दिया जाता है। खर्च करने की यह प्रक्रिया अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में तेजी लाती है। चुनाव में लाखों लोगों को अस्थायी रोजगार मिलता है और उनके पारिश्रमिक का पैसा भी खर्च होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नकदी का प्रवाह कम होता है वहां चुनाव के समय काफी हलचल रहती है क्योंकि उम्मीदवारों या पार्टियों का पैसा उन तक पहुंचता है।

# लोकसभा चुनाव:हमारे अभूतपूर्व एक वोट में सरकार बनाने-गिराने की ताकत

गोंदिया । विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे बड़ी 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले भारत देश में लोकतंत्र का महापर्व का प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है। इसके प्रचार प्रसार में उम्मीदवार बड़े जोर शोर से भिड़े हुए प्रचार कर रहे हैं। हर उम्मीदवार अपने-अपने विकास के काम गिनाकर वोटरों का उज्जवल भविष्य की बातें कर रहे हैं। जिनके उत्तर में मतदाता का रुझान अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है वैसे भी हम पिछले चुनावों का विश्लेषण करें तो पहले ओवरऑल मतदान 50 प्रतिशत के आसपास होता था जो अभी हाल के पांच राज्यों के चुनाव में प्रतिशत तेज़ी से बढ़ाते दिखाई दिया है मेरा मानना है कि यह चुनाव का मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत से पार करने की जरूरत है, जिस पर हर मतदाता ने विचार कर इसे रेखांकित करना समय की मांग है, क्योंकि अगर हम पिछले इतिहास पर गहराई से नजर डालें तो,आम तौर एक वोट की ताकत को बड़े चुनावों में कम करके आंका जाता है। लोग अक्सर यह कहते सुने जा सकते हैं कि एक वोट से क्या होगा। लेकिन इतिहास खंगालने पर एक वोट की ताकत क्या होती है यह पता चलता है। देश और दुनिया का इतिहास गवाह है कि एक वोट की ताकत कभी कम नहीं रही। एक वोट ने सरकार तक को गिरा दिया तो किसी के मुख्यमंत्री बनने के सपने पर पानी फेर दिया। कहीं एक वोट हिम्मत, साहस और मजबूत इरादे के प्रतीक के तौर पर सामने आया। चूंकि अभी 19 अप्रैल से 4 जून तक हमें लोकसभा चुनाव 2024 के विभिन्न चरणों में वोट करना है,जो हमारेअभूतपूर्व एक वोट की महत्वपूर्ण ताकत है,क्योंकि इतिहास गवाह है जब एक वोट से भारतीय केंद्र सरकार गिरी,सांसद विधायक चुनाव हारे,अमेरिकी राष्ट्पति और हिटलर भी एक वोट से जीते थे,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने एक वोट की टीटीताक़त को पहचाने इतिहास एक वोट से हार जीत के उदाहरण से भरा पड़ा है।



साथियों बात अगर हम अपने एक वोट की ताक़त का आंकलन भारतीय इतिहास में एक वोट से हारने वाले नेताओं की करें तो, आमतौर पर मतदाता एक वोट की ताकत कम करके आंकते हैं और कई बार मतदान करने नहीं जाते हैं। हालांकि इतिहास में चुनावी पर्व में कई बार ऐसे मौके देखे गए, जब एक वोट ने उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया ।अटल सरकार का गिरना, अप्रैल 1999 भारतीय इतिहास में एक अहम घटना के लिए दर्ज है। इसी दिन 13 महीने पुरानी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक वोट से पास हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में 270 वोट पड़े थे और खिलाफ 269 वोट। इसके नतीजे में वाजपेयी सरकार गिर गई थी ।सी.पी.जोशी की हार, 2008 के राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के सीनियर लीडर सी.पी.जोशी सिर्फ एक वोट से हार गए थे। उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के कल्याण सिंह चौहान को 62,216 वोट पड़े थे जबकि उनको 62,215। वह उस समय मुख्यमंत्री पद के मजबूत उम्मीदवार थे लेकिन एक वोट ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया ।जैसा कि सौभाग्य से हुआ, टाइम्स ऑफ इंडिया की 2013 की एक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कथित तौर पर सीपी जोशी की मां, बहन और ड्राइवर मतदान के दिन उनके लिए वोट करने नहीं आ सके। संयोगवश, कर्नाटक में भी कृष्णमूर्ति का ड्राइवर मतदान करना चाहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका क्योंकि कृष्णमूर्ति ने ही उसे मतदान के दिन अपनी ड्यूटी से छुट्टी नहीं दी थीए.आर.कृष्णमूर्ति कर्नाटक विधानसभा के 2004 के चुनाव में ए.आर.कृष्णमूर्ति जनता दल सेक्युलर के टिकट पर लड़े थे। उनके प्रतिद्वंद्वी ध्रुवनारायण को 40752 वोट मिले जबकि उनको 40751। वह विधानसभा चुनाव में एक वोट से हारने वाले पहले शख्स बन गए थे ।अहमद पटेल 2017 में गुजरात की तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था। एक सीट पर कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल लड़ रहे थे।

कांग्रेस के ही दो विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी जिससे अहमद पटेल की जीत मुश्किल हो गई थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले दो एमएलए यह भूल गए थे कि वे वोट करते वक्त भी कांग्रेस के सदस्य थे और वे पोलिंग बूथ पर खड़े होकर अपनी बदली हुई वफादारी का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकते। इससे उनके वोट रद्द हो गए जिससे जीतने के लिए वोटों की संख्या 43.5 हो गई। अहमद पटेल को 44 वोट मिले थे, इस तरह वह आधे वोट से जीत गए। एआर कृष्णमूर्ति ने 2013 के एक प्रेस साक्षात्कार में इसे अच्छी तरह से समझाते हुए कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि उनका कट्टर दुश्मन भी इस तरह से यानी सिर्फ एक वोट से चुनाव हार जाए। उम्मीदवार को शून्य वोटउत्तर प्रदेश का मैनपुरी संसदीय क्षेत्र ढाई दशक से भी अधिक समय से समाजवादी पार्टी का गढ़ है। इसके चलते यह हर चुनाव में सुर्खियों में रहता है। हालांकि यह क्षेत्र एक दिलचस्प किस्से का भी गवाह रहा है। यहां एक उम्मीदवार को शून्य वोट मिले थे। शंकर लाल 1957 के लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े थे।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# फिल्मों से लेकर टीवी शो तक, भक्ति राठौड़ कर रही है बैक टू बैक शूट



अपने समर्पण और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली प्रतिभाशाली अभिनेत्री भक्ति राठौड़ वर्तमान में अपनी अविश्वसनीय कार्य नीति के लिए सुर्खियों में हैं। फिल्म उद्योग की मांग भरी प्रकृति के बावजूद, भक्ति बिना कोई ब्रेक लिए एक साथ तीन अलग-अलग प्रोजेक्ट क्रमश: 'जर्नी', 'आंख मिचोली' और 'पुष्पा इम्पॉसिबल' की शूटिंग कर रही हैं। यह उपलब्धि अभिनय के प्रति उनके जुनून और अपनी कला में उत्कृष्टता हासिल करने के उनके अटूट दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। व्यस्त शेड्यूल के बारे में बताते हुए, भक्ति ने कहा, टेलीविजन और फिल्मों के बीच तालमेल निश्चित रूप से मेरे कार्यक्रम को अविश्वसनीय रूप से व्यस्त रखता है, लेकिन यह एक चुनौती है जिसे मैं पूरे दिल से स्वीकार करती हूं। दोनों माध्यम, अपनी अनूठी मांगों और रचनात्मक अवसरों के साथ, मेरे जीवन में इतनी खुशी और पूर्णता लाते हैं। टेलीविजन का दर्शकों के साथ तात्कालिक, घनिष्ठ संबंध होता है, जबकि फिल्में एक चरित्र की यात्रा में गहराई से उतरने का मौका देती हैं। कठिन शेड्यूल और एक के बाद एक शूटिंग के शारीरिक और भावनात्मक बोझ के बावजूद, भक्ति राठौड़ प्रत्येक फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी कला के प्रति उनका समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्हें फिल्म उद्योग में अभिनय के प्रति समर्पित कलाकार के रूप में स्थापित करता है।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# सफाई कार्यों में लापरवाही पर सफाई कर्मी निलंबित

- डीपीआरओ ने एक पर गिराई गाज , दो से जवाब तलब
- गावों पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी: डीपीआरओ विकास पटेल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। ग्राम पंचायत में सफाई कार्यों के लिए नियुक्त किए गए सफाई कर्मचारी मनमानी में उतारू हैं। इससे ग्राम पंचायत में गंदगी का माहौल और लगातार ग्राम पंचायतो से शिकायत भी मिल रही थी। इससे लगातार सफाई कर्मियों की शिकायत की जा रही है। जिस पर नाराज डीपीआरओ विकास पटेल ने एक सफाई कर्मचारी को दायित्व का सही ढंग से निर्वहन नहीं करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। जबकि दो सफाई कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इससे सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने बताया कि अकबरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत बारा में तैनात सफाई कर्मचारी प्रदीप कुमार विगत कई दिनों से बिना सूचना के अनुपस्थित रह रहे थे। ग्राम पंचायत की नियमित सफाई कार्य नही करने से गांव में गंदगी भी व्याप्त थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया था। लेकिन स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया। जिससे उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन न करने के आरोप में डीपीआरओ विकास पटेल ने निलंबित कर दिया है। जबकि मलासा विकासखंड के सिथरा बुजुर्ग गांव निवासी सुरेश कुमार ने शिकायत उनके गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नरेंद्र पाल नियमित गांव में सफाई कार्य नहीं करते हैं। गांव में नालियों की सफाई होने से जल पानी अवरुद्ध होने के कारण पूरा पानी उनके लाई के खेत में चला गया।



जिससे उनकी फसल को नुकसान पहुंचा है। इसके अतिरिक्त संदलपुर विकासखंड के ररौख गांव निवासी विनोद सिंह ने निर्वाचन आयोग को शिकायत कर बताया कि गांव में रहने वाला हरिओम संदलपुर विकासखंड के गढ़िया सिकंदरा में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। उसकी मां ररौंख गांव किया की सफाई में ग्राम समिति की की सदस्य हैं। जिसके कारण वह गांव की राजनीति का कार्य करता है। और तैनाती क्षेत्र में काम पर भी नहीं जाता हैं। जिससे जिला प्रशासन की बदनामी भी होती थी। वहां गांव में गंदगी फैली है। गांव की राजनीति करने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उक्त के आरोप में डीपीआरओ ने दोनों ग्राम सफाई कर्मचारी नरेंद्र कुमार पाल और हरिओम को कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर हुआ एक्शन



## नगर निगम ने खाली करवाई करोड़ों की जमीन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम ने खाली कराई पार्क की कब्जे से जमीन। नगर आयुक्त शिव शरणपा जीएन ने बताया कि कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके प्लाटिंग कर डाली थी। इसका 15 वर्षों से चल रहा था विवाद। नाराज लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान न करने की घोषणा तक कर दी थी। इस पर नगर निगम ने काफी फोर्स के साथ मिलकर जमीन खाली कराई ।भूमाफियाओं ने चारों तरफ कर जमीन पर कब्जा करके बाउंड्री तक बना दिया था। यह पूरा मामला कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत का है।

### 50000 जुर्माने के साथ ठेकेदार की फर्म ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश ,जोन-6 के वार्ड-60 रावतपुर के अन्तर्गत लेडी मरियम स्कूल से भूरा सिंह के मकान तक चल रहा था कार्य



कानपुर। जोन-6 वार्ड-60 रावतपुर के अन्तर्गत लेडी मरियम स्कूल से भूरा सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सडक सुधार कार्य किया जा रहा है। चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता के साथ मौके पर पहुंच गए। कार्यस्थल पर ठेकेदार द्वारा खुदाई का कार्य होना पाया गया तथा नाली निर्माण हेतु ईंटों का चट्टा स्थल पर लगा था। ईंटों का निरीक्षण करने पर ईंटें पीला (अधोमानक) पायी गयी। प्रश्नगत कार्य आगणन से 35 प्रतिशत निम्न मेसर्स अमित इं0प्रा0 द्वारा किया जा रहा है। चीफ इंजीनियर ने बताया कि परिलक्षित होता है कि ठेकेदार द्वारा अत्यधिक निम्न दरों पर निविदा प्राप्त कर अधोमानक निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अवर/सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि स्थल पर अधोमानक निर्माण सामग्री को हटवाकर ठेकेदार के विरूद्ध काली सूची में दर्ज करने हेतु प्रथम नोटिस निर्गत करना सुनिश्चित करें। अधोमानक निर्माण सामग्री प्रयुक्त करने के दृष्टिगत ठेकेदार पर रू-50000.00 का अर्थदण्ड अधिरोपित करने की संस्तुति के साथ-साथ अवर/ सहायक अभियन्ता को सचेत किया जाता है भविष्य में जो भी कार्य कराया जाय व मानक के अनुरूप ही कराया जाय।




## अम्बिका भट्टाचार्य ने चौथी रैंक पाकर कानपुर का नाम किया रोशन

कानपुर ।डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव राजा भरत अवस्थी ने बताया कि स्कॉलर मिशन की छात्रा व आवास विकास-3 कल्याणपुर की रहने वाली अम्बिका भट्टाचार्य ने जींद हरियाणा में हुई चौथी खेलो इण्डिया वुमेन नेशनल रेंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट में सब-जूनियर कम्पाउण्ड ग्रुप में चौथी रैंक पाकर कानपुर का नाम रोशन किया ।अम्बिका भट्टाचार्य का चयन खेलो इण्डिया गेम्स में भी होने पर अध्यक्ष श्रेयांश कपूर, उपाध्यक्ष अद्वितीय अवस्थी व यासीर इब्राहीम, संयुक्त सचिव सन्दीप पासवान,मौसमी साहू व अविनाश दीक्षित ,कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार,कोच फागु महतो, शैय्यद मोहम्मद अतहर,गोपी साहू,जमीर अहमद,धर्मेन्द्र अवस्थी आदि ने कहा कि कानपुर की बेटी ने बधाई देते हुए कहा कि अम्बिका भट्टाचार्य ने तीरंदाज़ी में नया कीर्तिमान स्थापित किया है शहर लौटने पर डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन अपनी होनहार बेटी का भव्य सम्मान करेगी।

# कानपुर में बनेगा उत्तर भारत का पहला भूल-भुलैया पार्क

- शहर के रूमा स्थित चारागाह की 12.30 एकड़ की जमीन पर स्थापित किया जायेगा पार्क
- 1 लाख 72000 पौधों को लगाने का कार्य शुरू

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0 के निर्देश पर उत्तर भारत का पहला भूल भुलैया मेज पार्क कानपुर शहर के रूमा स्थित चारागाह की 12.30 एकड़ की जमीन पर स्थापित किया जायेगा। इसके लिए 1 लाख 72000 पौधों को लगाने का काम कानपुर नगर निगम ने शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को रूमा स्थित मेज पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उद्यान अधीक्षक डॉक्टर वी के सिंह, अवर अभियन्ता बालेद्र प्रताप सिंह, मेसर्स त्रिमूर्ति एंटरप्राइजेज के सुभाष त्रिपाठी सम्बन्धित ठेकेदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा मेज पार्क के मानचित्र को भी देखा गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर के प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने एवं शहर वासियों



## भारत रत्न सम्मान: लालकृष्ण आडवाणी को ससम्मान उनके घर पर ही दिए जाने पर बांटी गई मिठाई



कानपुर। आज पूरे भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व के सिन्धी समाज के लिए आज गर्व व गौरव का दिन हैं कि लौह पुरुष लाल कृष्ण आडवाणी को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह ने उनके आवास जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। यह सिंधी समाज के लिए गर्व की बात है की पहली बार किसी महान विभूति को उसके निवास पर जाकर देश की गणमान्य हस्तियो ने भारत रत्न प्रदान किया।इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष श्याम लाल मूल चंदानी, तथा बलराम दिनेश सुरेश कटारिया राजकुमार लालवानी, मनोज तलरेजा,हरिराम गंगवानी चंद्र भान मोहनानी, सुरेश धमेजा बंटी सिधवानी, विनोद मुर्जानी,मुरारी चुग राजकुमार मोटवानी रमेश मुर्जानी संजय चुग आदि उपस्थित थे।

## चित्रकूट में डंपर की टक्कर से ऑटो रिक्शा सवार सात श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

चित्रकूट जिले के कर्वी क्षेत्र में मंगलवार को सुबह तेज गति से गुजर रहे एक डंपर की टक्कर से ऑटो रिक्शा सवार पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि दो श्रद्धालुओं ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक घायल का उपचार प्रयागराज में चल रहा है ।यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अमानपुर मार्ग पर कपसेठी गांव के नजदीक एक तेज रफ्तार डंपर ने एक ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी ।इस घटना में कन्नौज जिले के निवासी अनिरुद्ध (30), अतर सिंह (50) और अखिलेश सिंह (22) तथा हमीरपुर जिले के रहने वाले धर्मेंद्र सोनी (30) और निधि सोनी (19) की मौत हो गयी ।उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना मेंचित्रकूट जिले के निर्भय (20) और ऑटो चालक सूरज वाल्मीकि (20) नेउपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया ।एक अन्य गंभीर रूप से घायल का उपचार प्रयागराज में चल रहा है। त्रिपाठी ने बताया कि सभी श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन से ऑटो रिक्शा में सवार होकर रामघाट जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# आग के मुहाने पर आधा कानपुर



**◂◂ कई इलाकों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के बेहद इंतज़ाम कमजोर ◂◂ बांस मंडी हमराज कंपलेक्स में बीते साल लगी आग से हुआ था सैकड़ो करोड़ों रुपए का नुकसान ◂◂ विभागों की अनदेखी से गलियों में खड़ी हो रही मानक विहीन इमारतें**



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राखी मंडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

कानपुर में रायपुरवा थाना क्षेत्र के अफीमकोठी राखी मंडी में मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही देर में कई झोपड़ियां व दुकानें आग की चपेट में आ गईं। वहीं, बस्ती में जमा कबाड़ ने भी आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।यही नहीं, आसमान में काले धुंए का गुबार छा गया और आग थमने का नाम नहीं ले रही है। सूचना पर दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। दमकल कर्मचारी और स्थानीय लोग मिलकर आग बुझाने के प्रयास में लगे हुए हैं। बता दें कि राखी मंडी में हजारों की तादाद में झोपड़ियां और दुकानें बनी हुई हैं। इस मंडी में राखी और कबाड़ का बड़ा काम होता है। इसके चलते बड़ी मात्रा में कबाड़ जमा रहता है। मंगलवार सुबह राखी मंडी में अज्ञात कारणों से कबाड़ में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया।

### स्थानीय पुलिस फोर्स व दमकल की टीम पहुंची मौके पर

इस आग की चपेट में कई झोपड़ियां और दुकानें आ गईं।इससे इलाके में चीख पुकार मच गई। हादसे में अभी तक दर्जनों दुकानें जलकर राख हो गई हैं। स्थानीय पुलिस फोर्स व दमकल टीम मौके पर मौजूद है।आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं।इसके बाद नुकसान का आकलन किया जा सकेगा।

## सामान्य से अधिक चल रहा तापमान, नमी बढ़ी होने की वजह से लग रही तेज धूप

कानपुर। शहर में एक सप्ताह से तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में हल्के बादल के साथ हवाएं और तेज हो सकती हैं।कानपुर में पिछले करीब एक सप्ताह से दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। इस बार हवा में नमी बढ़ी होने की वजह से भी धूप ज्यादा तेज लग रही है। सीएसए के मौसम विभाग के अनुसार भूमध्य सागर और अरब सागर से आने वाले हवाओं की वजह से नमी लगातार इस सीजन में भी बढ़ी हुई है।मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य तापमान से 3.5 डिग्री अधिक है। इसी तरह न्यूनतम पारा 20.8 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य तापमान से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। अधिकतम हवा में नमी 57 प्रतिशत रही, जबकि एक दिन पहले यह 71 प्रतिशत रही।इसी तरह न्यूनतम नमी 24 प्रतिशत रिकार्ड हुई, एक दिन पहले दो प्रतिशत की कमी के साथ 22 प्रतिशत रही। इस बीच 24 घंटे के बीच हवा की रफ्तार में दो किमी प्रति घंटा की बढ़ोतरी हुई। सुबह से लेकर शाम के बीच 7.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटे में हल्के बादल के साथ हवाएं और तेज हो सकती हैं।



## स्थानीय नेताओं की राजनीति से हो रहा मेट्रो का कार्य प्रभावित

### बिल्डिंग कंडीशन सर्वे रिपोर्ट में दर्ज है टनल निर्माण से पूर्व की स्थिति,टनलिंग से नहीं पहुंचा था भूसाटोली क्षेत्र की इमारतों को नुकसान







**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी-कानपुर से नौबस्ता) के अंतर्गत कानपुर सेंट्रल ङ्क ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सेक्शन में सबसे पहले कानपुर सेंट्रल से नयागंज के बीच लगभग 1250 मीटर लंबे स्ट्रेच पर टनल का निर्माण किया जा रहा है। मेट्रो की टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) विशेषज्ञों की निगरानी में शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों के नीचे से होते हुए गुजर रही है। कानपुर मेट्रो के निर्माण कार्य की गति और रिकॉर्ड समय में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के प्रति समर्पण को शहर के सभी वर्गों द्वारा सराहा जाता रहा है। अपनी इन उपलब्धियों के बावजूद कानपुर मेट्रो को विकास कार्यों के दौरान भी कभी-कभी बाधाओं से दो-चार होना पड़ता है। हाल ही में भूसाटोली क्षेत्र में एक ऐसी ही घटना प्रकाश में आई, जहां कुछ स्थानीय नेताओं के शह पर कानपुर मेट्रो की कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ अभद्रता की गई, जिससे मेट्रो का काम प्रभावित हुआ। नेताओं ने आरोप लगाया कि टनलिंग की वजह से क्षेत्र के कुछ मकानों को क्षति पहुंची है। हालांकि, जब हम तथ्यों की पड़ताल करने जमीन पर पहुंचे तो मामला कुछ और ही सामने आया।

रियल टाइम मॉनिटरिंग के दौरान, ऐसे इमारत जिन्हें क्षति पहुँचने की आशंका थी, उनमें मेट्रो द्वारा सपोर्ट लगाया गया और जिन संरचनाओं में यह संभव नहीं था, उन्हें ख़ाली करा दिया गया। मेट्रो के कार्य के लिए इन मकानों के रहवासियों को कुछ ही दिनों के लिए हटाया गया और इमारत को पूरी तरह से सुरक्षित पाए जाने के बाद रहवासियों को वापस उनके घरों में पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया आरंभ की गई। घटनास्थल पर उनकी समस्या जानने और उनसे बात करने पहुंचे मेट्रो की कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ अभद्रता की गई। कानपुर मेट्रो ने इससे पहले लगभग 4 किलोमीटर लंबे चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन की टनलिंग भी सफलतापूर्वक पूरी की है।

## पुलिस आयुक्त ने कहा कि व्यापारी रूपये के साथ कागज़ात लेकर चले किसी व्यापारी को अनुचित परेशान नहीं किया जाएगा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह के नेतृत्व मे लोकसभा चुनाव की घोषणा के तहत आचार संहिता के दौरान रूपये की जाँच से महानगर मे व्यापार प्रभावित होने के कारण जाँच पर रोक लगाने की मांग को लेकर व्यापारी पुलिस आयुक्त से मिले और वार्ता करके ज्ञापन भी सौंपा। वार्ता के दौरान पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने जिलाधिकारी से बात की और नियमावली की जानकारी ली। वार्ता के दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने पुलिस आयुक्त से कहा कि कानपुर महानगर का थोक व्यापार मे 50 प्रतिशत से अधिक नगद बिक्री पर आधारित है जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा के उपरांत आचार संहिता लागू होने के दौरान पिछले दिन महानगर मे चौराहो पर गाड़ियों को रोककर रूपये की जाँच करने से व्यापारियों को परेशानी हो रही है और इस वज़ह से महानगर का व्यापार प्रभावित हो रहा है।महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह ने पुलिस आयुक्त से कहा कि महानगर के चौराहो व बाज़ारो मे इस तरह की जाँच पूर्णतया बंद की जाय जिससे हमारे कानपुर का व्यापार प्रभावित न हो व व्यापारियों मे भय भी समाप्त हो और सरकार को राजस्व का नुकसान भी न हो। वार्ता व ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री राजकुमार भगतानी, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार, टास्क फ़ोर्स संयोजक पवन गौड़, वरिष्ठ मंत्री राकेश शर्मा, पवन गुप्ता, बी पी रस्तोगी, के के गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि थे।

## दलालों के जरिये कारोबारी बदल रहे 2000 के नोट

### मजदूरों को आरबीआई भेजकर बदलवाते थे...दो शातिर गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में दलालों के जरिये कारोबारी दो हजार के नोट बदलवाने का काम कर रहे हैं। आरबीआई के सामने होने वाले इस धंधे का पर्दाफाश शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने किया। पुलिस ने मामले में दो शातिरों को पकड़ा है। ये दोनों कारोबारियों के नोटों को मजदूरों को देते हैं और मजदूर आरबीआई जाकर नोट बदलवाते हैं। दोनों से पुलिस ने 80 हजार रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस ने वादी बनकर दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष शुक्ला को शुक्रवार को आरबीआई के पास लोगों की भीड़ के कारण जाम लगा दिखा। इस पर उनको पता चला कि 40-50 मजदूर यहां पर दो-दो हजार के नोट बदलने आए थे। पुलिस ने 30 मजदूरों के नाम, पते और आधार कार्ड नंबर नोट किए।

मजदूरों ने बताया कि आरबीआई के सामने पंक्चर की दुकान करने वाले रियाज और उसके साथी ने पैसे बदलवाने के लिए दिए हैं। ऐसे में उन दोनों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। एडीसीपी ईस्ट लखन यादव ने बताया कि मामले में जूही हमीरपुर रोड निवासी अभिषेक वर्मा, उसके भाई अवधेश वर्मा, परमट निवासी कुमार संतोष, पटकापुर नवाब साहब का हाता निवासी रियाज, सरसैयाघाट निवासी आशीष पांडेय, टेलीग्राम रोड निवासी दीपांशु राठौर और आशीष गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी और

## समाजसेवी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के निधन पर शोक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवराम सिंह सेंगर का 4 अप्रैल 2024 रात्रि 11 बजे निधन हो गया। उनकी मौत की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दरवाजे पर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। अरविंद सिंह सेंगर पूर्व एबीआरसी अकबरपुर के पिताजी शिवराम सिंह सेंगर का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को उनका निधन 95 वर्ष की आयु में 185 एलआईजी डब्लू ब्लॉक केशवनगर कानपुर स्थित अपने आवास पर हो गया। शिवराम सिंह संदलपुर ब्लॉक के ग्राम मनकापुर के मूल निवासी हैं। मौत की खबर सुनते ही शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके घर पर शिक्षकों एवं राजनेताओं का ताता लगा हुआ है।उनके स्वभाव एवं कार्यों को लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे। उनके आकस्मिक निधन पर बेसिक शिक्षा विभाग के सैकड़ों अधिकारियों, शिक्षकों एवं राजनीतिक जनप्रतिनिधियों का ताता लगा हुआ है। ज्योति सिंह, रमा सिंह, दीपक परमार, सुरेन्द्र सिंह आदि शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे।

## दसवें व्यापारी महाधिवेशन का आयोजन 14 व 15 सितंबर 2024 को लाजपत भवन कानपुर में



कानपुर। उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में जीटी रोड रामादेवी स्थित जगदंबा गेस्ट हाउस कानपुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर टेंट व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान संरक्षक विजय कपूर थे। प्रांतीय कार्यकारिणी सभा में प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला ने सभी पदाधिकारी के विचारों को सुनने के बाद सर्व समिति से कार्यकारिणी के लिए कई सारे निर्णय लिए और बताया कि दसवें व्यापारी महाधिवेशन का आयोजन 14 व 15 सितंबर 2024 को लाजपत भवन कानपुर में होने जा रहा है।

उसी की तैयारी के लिए आज प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग थी, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारी ने भाग लिया और यह कैसा प्रोग्राम हो,हम उसको कैसे हम भव्य तरीके से कर सकते हैं उसके लिए आज हमने आज की मीटिंग में रखा गया। वहीं पत्रकारों से वार्ता करते हुए कानपुर अध्यक्ष अमित साहनी ने कहा कि अधिवेशन में पूरे देश में मैन्युफैक्चर और ट्रेडर्स यहां पर आएंगे वह एक प्रदर्शनी लगायेंगे, जिससे हमारे जो देहात का व्यापारी होता है वह शहर में नहीं जा पाता और हर एक आदमी दिल्ली भी नहीं जा पाता है और उनको ट्रेडर्स और मैन्युफैक्चर का मालूम भी नहीं होता।

उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन की समस्याओं के साथ-साथ हमारी ऑल इंडिया टेंट की भी समस्याएं हैं जो केंद्र सरकार से भी हैं और प्रदेश सरकार से भी हैं हमारी जो केंद्र सरकार से है कि हमारे ऊपर जो है 18 पर्सेंट जीएसटी लगाया गया है।


'मां दुर्गा' के आठ हाथों के प्रतीक
पहले हाथ में चक्र है यह सत्य का प्रतीक है
तलवार भेदभाव न करने का प्रतीक है
गदा प्यार का प्रतीक है
यह आशीर्वाद के साथ उनके क्षमा का प्रतीक भी है
शंख खुशी का प्रतीक है
त्रिशूल नैतिकता का प्रतीक है
धनुष, नैतिकता का प्रतीक है
कमल का फूल अनासक्ति या भौतिक चीजों से जुड़ाव खत्म होने का प्रतीक है

# कानून व्यवस्था में कोई कोताही नहीं पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार

## शांतिपूर्ण अलविदा नमाज के लिए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार रहे भ्रमणशील कानपुर के सभी थाना प्रभारी अलर्ट पर रहे

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर की विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान में जमात-उल-विदा( अलविदा)की नमाज को लेकर शुक्रवार को शहर में सुरक्षा-व्यवस्था सख्त रहीं। शहर में नवाज को सकुशल सम्पन्न कराने व आपसी सौहार्द बनाये रखने तथा कानून एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार व पुलिस उपायुक्त दक्षिण,अपर पुलिस उपायुक्त यातायात के साथ सड़को पर उतर निरंतर भ्रमणशील रहते हुए जाजमऊ, नौबस्ता,बाबूपुरवा व अन्य थाना क्षेत्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । जिससे परिणाम स्वरूप अलविदा की नमाज को कानपुर जैसे बड़े कमिश्नरेट की धरती में शांतिपूर्ण वातावरण तथा सकुशल सम्पन्न हुई। धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए आगामी ईद के त्योहार को हर्षोल्लास से मनाने के लिए रोजेदारों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसलिए धर्मगुरुओं एवं स्थानीय व सभ्रांत लोगों से आपसी सौहार्द को इसी तरह बनाये रखने के लिए अपील की गयी।इसके साथ ही डियूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस बल को अतिरिक्त सतर्कता बरतने,साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले और सोशल



मीडिया पर जहर उगलने वाले असामाजिक तत्वों की निगरानी के लिए क्राइम ब्रांच को तत्काल कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।तथा संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर ड्रोन से विशेष निगरानी रखने व सड़कों पर नमाज पढ़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया।वहीं पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की सूझबूझ से बगैर कानून-व्यवस्था बाधित शहर की फिजा बरकरार व अलविदा की नवाज सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।वहीं शहरवासियों और व्यापारी संगठनों व सभ्रांत नागरिकों द्वारा पुलिस आयुक्त के कुशल प्रबंधन की न केवल सराहना की बल्कि समस्त टीम को सम्मानित करने की भी इच्छा जताई है.

## उत्कृष्ट व जनहित कार्यों पर मोहन राम चंदानी किए गए सम्मानित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। फेडरेशन ऑफ होटल रेस्टोरेंट ऑफ़ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल ने कहा उत्तर प्रदेश में टूरिज्म वाले जनपदों में रिहायसी होटल की मांग बढ़ रही है, ऐसे में प्रशासन को भी उद्यमियों का सहयोग करना चाहिए व्यापारियों ने खुशगवार माहौल बनाते हुए मुख्य अतिथि के साथ विजय कपूर अजय कपूर को एक बड़ी फूलों की माला के साथ प्रसन्नता के साथ यादगार पल बनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए मौका था होली मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उत्कृष्ट अच्छे कार्यों के लिए गणमान्य नागरिकों को सम्मानित करने का, इस दौरान मुख्य अतिथि सुरेंद्र जायसवाल द्वारा मलिक विजय कपूर, विकास जायसवाल ,वीरेंद्र दुबे, मोहन रामचंदानी संपादक हिन्दी समाचार पत्र,ज्ञानेश मिश्रा,संजीव दीक्षित, श्याम शुक्ला आदि को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए सार्वजनिक मंच पर सैकड़ो व्यापारियों उद्यमियों की भीड़ में सम्मानित किया गया, इस दौरान मुख्य रूप से कानपुर होटल गेस्ट हाउस स्वीट्स रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने कहा अगर व्यवसाईयों का उत्पीड़न होता है तो वही उनका प्रशासन से मदद भी मिलती है, महामंत्री राजकुमार भगत्तानी ने कहा व्यवसाय हमेशा जनहित को लेकर किया जाता है कि किसी को सुविधा न हो,ऐसे में निस्वार्थ सहयोग करने वालों का सम्मान बनता है कार्यवाहक अध्यक्ष श्यामलाल मूलचंदानी हमें गर्व है उत्तर प्रदेश की एक हस्ती के द्वारा उत्कृष्ट करने कार्य करने वालों का सम्मान किया गया, कोषाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह, दक्षिण होटल गेस्टहाउस एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश खन्ना,उत्तर होटल गेस्ट हाउस रेस्टोरेंट एसोसिएशन प्रवीण अग्रवाल, आदि बड़ी संख्या में होटल गेस्ट हाउस रेस्टोरेंट से जुड़े व्यवसाई मौजूद थे!

# संचारी रोग अभियान के तहत गांवों में हुई साफ सफाई

## कानपुर देहात में डीएम और सीडीओ के कड़े निर्देशों का हो रहा है पालन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात।शासन के निर्देश पर बदलते मौसम के संग सफाई व्यवस्था को बेहतर और दुरुस्त बनाने के लिए गांवों में अभियान शुरू हुआ है। बीते सोमवार से मलासा विकाश खण्ड के ग्राम पंचायत मलासा , लवारसी, कई और गावों में टीम बनाकर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान कर्मचारियों ने गांव के ग्रामीण की नालियों को साफ किया तथा कूड़े के ढेरों को सुबह ही हटवा दिया गया। सफाई अभियान में आज विकास खण्ड के ब्लॉक संसाधन केंद्र, स्कूल, आगनवाड़ी, अस्पताल, व गांव में आज साफ सफाई अभियान चलाया गया।



**गांवों में सफाई अभियान में जुटे कर्मी**



मानसूनी समय में सफाई अति आवश्यक

विकास खण्ड मलासा के एडीओ पंचायत आदित्य शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देश पर मानसूनी मौसम आते ही बीमारियों ने घरों में दस्तक देनी शुरू कर दी है। जिसके लिए सफाई पर ध्यान देना आवश्यक है। इस मुहिम के तहत बीते सोमवार से विकाश खण्ड के हर ग्राम पंचायत में संचारी रोग पखवाड़ा अभियान के तहत साफ सफाई व्यवस्था कराई जाएगी और गावो में दवा का भी छिड़काओ कराया जा रहा है। ताकि कूड़े के ढेर पर मच्छर गंदे पानी में या कूड़े के ढेर पर जमा नहीं हो सके। एडीओ पंचायत ने बताया कि मानसूनी मौसम में सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने भी के कर्मियों का सहयोग प्रदान किया 1अप्रैल से 30अप्रैल तक विशेष रूप से अभियान चलाया जाएगा।

## उन्नाव : वायरल संक्रमण से गलसुआ के मरीजों की भरमार

### उन्नाव में बच्चों में तेजी से फैल रहा रोग, शुरुआत में होता है असहनीय दर्द

**बीपीएस न्यूज**

उन्नाव । मौसम के बदलने से वायरल इंफेक्शन फैलना शुरू हो गया है। इस वक्त सरकारी अस्पताल में गलसुआ (कनगुज) के मरीजों का तांता लगा हुआ है। यह बीमारी अधिकतर बच्चों में फैल रही है। हालांकि डॉक्टरों का दावा है कि एक सप्ताह के अंदर इस बीमारी पर काबू पा लिया जाता है। शुरूआती दौर में असहनीय दर्द होने लगता है। इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ने से सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या इजाफा देखने को मिल रहा है। बदले मौसम में वायरल बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज आम हो गए ।



## भव्य ढंग से मनाई गई जयंती



कानपुर।महाराज गुह्यराज निषाद एवं ऋषियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन बहुत धूमधाम से पार्क गंगा बैराज कानपुर में मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार बिंद,विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद कुमार बिंद विधायक,रामकुमार निषाद पूर्व विधायक, रामपालनिषाद, उदय राज निषाद,मुख्य वक्ता चौधरी लोटन राम निषाद,प्रमुख वक्ता रामनारायण निषाद , किरण लोधी निषाद कार्यक्रम स्थल गंगा बैराज निषाद पार्क पर जयंती का आयोजन किया गया।उनके द्वारा महाराजा गुह्यराज निषाद एवं महर्षि कश्यप के चित्रों पर माल्यार्पण कर आरती की गई। स्वागताध्यक्ष इंजीनियर आकाश वर्मा पूर्व प्रधान द्वारा आए हुए सभी सम्मानित मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। माता बहनों से समाज में मातृशक्ति का आवाहन करते हुए शिक्षा पर जोर दिया और परिवार में शांति प्रेम बनाए रखने पर जोर दिया।विशिष्ट अतिथि रामकुमार निषाद पूर्व विधायक के उदबोधन में समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय में जानकारी देते हुए जोर दिया और समाज को एकजुट रहने का आवाहन किया प्रमुख वक्ता रामनारायण निषाद ने अपने उदबोधन में कहा बाबा भीमराव अंबेडकर कहते थे कि शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो समिति के कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के महामंत्री राम सजीवन उर्फ लाला ने किया अन्य वक्ताओं में प्रमुख रूप से पन्नालाल कश्यप, महावीर प्रसाद निषाद डॉ अभिनव कुमार, श्रवण कुमार निषाद एडवोकेट, अरुणेश निषाद, सुनील कश्यप, राजेश कश्यप इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी पर अंगुली उठाने वाले विकास में बाधक योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश में चुनावी प्रचार जोर पकड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचार की कमान संभाल ली है। आज वह हाथरस में थे जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने पिछली सरकारों पर आतंक का राज कायम करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उंगली उठाने वाले लोग भारत के विकास में बाधक हैं।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकसित भारत का सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हर व्यक्ति, जाति और समुदाय को बिना भेदभाव के सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। जातिवाद और वंशवाद नहीं होना चाहिए। सबका विकास हो और यही विकसित भारत की संकल्पना का आधार है।

योगी ने कहा कि पूरे देश को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है। बुलंदशहर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों के तहत राज्य के उथल-पुथल भरे अतीत पर अफसोस जताया और आरोप लगाया कि उन्होंने ऋदंगा नीतिऋ अपनाई, जिससे बुलंदशहर में आतंक का राज कायम हो गया। वर्तमान स्थिति की तुलना पहले से करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोग आज नई सुरक्षा का आनंद ले रहे हैं, जबकि अपराधियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बुलंशहर का अस्तित्व महाभारत काल से खोजा जा सकता है। यह मां गंगा और मां यमुना के आशीर्वाद वाली भूमि है। लेकिन पिछली सरकारों की अपराधी समर्थक नीतियों ने इसे अपराध और आतंक की भूमि में बदल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी को हमने जमीनी धरातल पर उतरते देखा है, इसलिए पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

उन्होंने कहा कि मोदी पर उंगली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक हैं। योगी ने सोमवार को हाथरस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री एवं हाथरस से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि प्रधान के लिए जनसमर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिए आपका आह्वान करने आए हैं। चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर आप उप्र के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम देने के लिए मोदी जी को 80 सीटों की जीत की माला दे सकें।

उन्होंने कहा, ''यह चुनाव परिवार पहले और देश पहले कहने वालों के बीच है। तुष्टिकरण बनाम भारत की आस्था का चुनाव है।

हमें देखना है कि अराजकता, दंगा, कर्फ्यू लगाने वालों के हाथों में फिर सत्ता आएगी या दंगामुक्त, कर्फ्यू मुक्त, सुरक्षित वातावरण देने वाली मोदी की सरकार आएगी, जिसने बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ दिया है। न जाति, न पाति, न क्षेत्र, न देखी गई, सभी को समान रूप से विकास की योजनाओं का लाभ दिया गया।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी यहां आया था और आपने सभी सीटों पर कमल खिलाया।

# उत्तर प्रदेश में दंगा बर्दाश्त नहीं, चुनावी सभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अब जेल जाने से भी डर रहे हैं अपराधी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी अब जेल जाने से डरते हैं। जन चौपाल को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर माफिया में डर नहीं होगा तो इससे गरीबों का जीना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले ज्यादातर इलाकों में सूर्यास्त के बाद पुलिस स्टेशनों पर भी ताले लगा दिए जाते थे। अपराधियों को लगा कि यह सरकार भी पिछली सरकारों की तरह होगी, लेकिन हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। उन्होंने कहा कि आप अपराध रोकें या इसकी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहें।' अधिकांश अपराधी जमानत लेकर जेल चले गये। अब वे कह रहे हैं कि हमें जेल मत भेजो, हम वहां जाने से डरते हैं।योगी ने दावा किया कि अधिकांश अपराधी हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर घूम रहे हैं कि वे जीवन भर काम करके अपना जीवन यापन करेंगे, लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यदि माफियाओं और अपराधियों में कानून का डर नहीं होगा तो वे गरीबों, व्यापारियों और आम नागरिकों का जीना मुश्किल कर देंगे। यूपी में आए दिन दंगे होते रहते थे। यह राज्य अब अशांति बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो पार्टियों का विलय कराना चाहते हैं।

इंडिया गठबंधन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी, फिर भी वे इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि केरल में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया लेकिन गठबंधन का हिस्सा हैं। यही स्थिति महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों की भी है. उन्हें कोई उम्मीदवार नहीं मिल रहा है. कांग्रेस प्रत्याशी सपा में और सपा प्रत्याशी कांग्रेस में शामिल हो रहे हैंयोगी ने कहा कि कश्मीर में धारा 370 का हटना, पूर्वोत्तर में नक्सलवाद और उग्रवाद का ख़त्म होना दिखाता है कि देश में आंतरिक सुरक्षा कितनी बढ़ी है। एक्सप्रेसवे, हाईवे, रेलवे, चार-लेन और छह-लेन सड़कों की कनेक्टिविटी, मेट्रो और हवाई कनेक्टिविटी, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम और एम्स बताते हैं कि किसी देश में बुनियादी ढांचा कैसा होना चाहिए।

## बिठूर वाले रमेश यादव भी हुए भाजपाई



कानपुर। बीएसपी के पूर्व बिठूर विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व ज़्लाक प्रमुख रमेश यादव बीजेपी में शामिल हो गए हैं। लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने रमेश यादव को सदस्यता दिलवाई। रमेश यादव के बीजेपी में आने से पार्टी को काफी फायदा हो सकता है।

# चुनाव के बाद भारत-पाक में हो जाएगी पक्की दोस्ती, अधिकांश पड़ोसियों ने किया किनारा तो शहबाज सरकार को हिंदुस्तान का सहारा

आसिफ का बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान अपने अधिकांश पड़ोसियों के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच सुरक्षा और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। जहां पाकिस्तान का 1947 से ही भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध रहा है, वहीं ईरान और अफगानिस्तान के साथ भी हाल ही में संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारतीय आम चुनाव के समापन के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों में सुधार हो सकता है। भारत इस समय संसदीय चुनाव चक्र से गुजर रहा है। मतदान 19 अप्रैल से शुरू होकर सात चरणों में होगा और 1 जून को समाप्त होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी और उसी दिन नतीजे आने की उम्मीद है। पाकिस्तान की संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत-पाकिस्तान संबंध अब कई वर्षों से ठंडे रहे हैं, मुख्य रूप से भारत पर निर्देशित पाकिस्तान आधारित आतंकवाद के मुद्दे

आसिफ का बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान अपने अधिकांश पड़ोसियों के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच सुरक्षा और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। जहां पाकिस्तान का 1947 से ही भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध रहा है, वहीं ईरान और अफगानिस्तान के साथ भी हाल ही में संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। जबकि ईरान और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के क्षेत्रों में हवाई हमले किए हैं, पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंध भी तनावपूर्ण रहे हैं क्योंकि अफगानिस्तान स्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पिछले एक साल से अधिक समय से पूरे पाकिस्तान में घातक हमले कर रहा है और यह देश के तालिबान शासकों के साथ संबंधों पर असर पड़ा है।हाल के दिनों में आसिफ भारत के साथ संबंधों पर टिप्पणी करने वाले दूसरे पाकिस्तानी नेता हैं. पिछले महीने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा था कि उनकी सरकार भारत के साथ व्यापार संबंध बहाल करने पर गंभीरता से विचार करेगी। भारत-पाकिस्तान व्यापार संबंध 2019 से ठंडे हैं। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध ख़राब हो गए, जिसका आरोप मोदी सरकार ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद (छ्वद्गरू) पर लगाया। भारत ने पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने पर हवाई हमले का जवाब दिया और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में हवाई हमले के साथ जवाबी कार्रवाई की। फिर, अगस्त 2019 में, मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को खत्म कर दिया।

# ज्ञानवापी मस्जिदः व्यासजी तहखाने में पूजा होती रहेगीः सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार




सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने मस्जिद परिसर के अंदर हिंदुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ ने पीठ के हवाले से कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा नमाज़ निर्बाध रूप से पढ़ी जाती है और हिंदू पुजारी द्वारा पूजा की पेशकश तहखाना के क्षेत्र तक ही सीमित है, इसलिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए।सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में 'नमाज़' बिना किसी बाधा के पढ़ी जाती है, और हिंदू पुजारी द्वारा 'पूजा' की पेशकश तक ही सीमित है। 'तहखाना' के क्षेत्र में दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है।अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की एक नई याचिका पर विचार किया, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा गया था।

# ताइवान में 25 साल में सबसे तेज़ भूकंप, मौत के बढ़ रहे हैं आंकड़े, 1300 से ज्यादा घायल, तेज सूनामी का अलर्ट जारी

बुधवार को ताइवान में रिक्टर पैमाने पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिससे जापान के योनागुनी द्वीप में सुनामी भी आ गई। यह पिछले 25 वर्षों में ताइवान में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है।

बुधवार को ताइवान में रिक्टर पैमाने पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिससे जापान के योनागुनी द्वीप में सुनामी भी आ गई। यह पिछले 25 वर्षों में ताइवान में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है, क्योंकि 1999 में देश के नानटौ काउंटी में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 2,500 से अधिक लोग मारे गए थे और 1,300 से अधिक अन्य घायल हुए थे।

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि भूकंप के केंद्र हुलिएन काउंटी में चार लोगों की मौत हो गई। रॉयटर्स समाचार एजेंसी के मुताबिक, हुलिएन में चट्टानें गिरने से 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भूकंप से हुलिएन में इमारतों को भी नुकसान पहुंचा, जबकि पूरे ताइवान में ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गईं। स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को कक्षाएं रद्द करने और काम करने के विकल्प दिए गए।



जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 7.4 थी, ताइवान की भूकंप निगरानी एजेंसी ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई। भूकंप सुबह 7.58 बजे हुलिएन से लगभग 18 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में और लगभग 35 किमी गहराई पर आया।

यूएसजीएस ने कहा कि ताइपे में कई झटके आए, जिनमें से एक झटका 6.5 तीव्रता का और लगभग 11.8 किमी गहरा था। हुलिएन में एक पांच मंजिला इमारत पहली मंजिल पर आंशिक रूप से ढह गई, जिससे इमारत 45 डिग्री के कोण पर झुक गई। सोशल मीडिया पर झुकी हुई इमारत के वीडियो सामने आए हैं।

इस बीच, पूरे ताइवान में ट्रेन सेवाएं भी निलंबित कर दी गईं और राजधानी ताइपे में इमारतों से टाइलें गिरने की खबरें आईं। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि राष्ट्रीय विधायिका, द्वितीय विश्व युद्ध से पहले बनाया गया एक परिवर्तित स्कूल, की दीवारों और छतों को भी नुकसान हुआ है। भूकंप के कारण भूस्खलन भी हुआ, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# वरुण गांधी का टिकट कटने पर मेनका गांधी ने पहली बार तोड़ी चुप्पी



वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा सत्ता में नहीं आया। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित होने के बाद मेनका गांधी की यह सुल्तानपुर की पहली यात्रा थी।

भाजपा सांसद वरुण गांधी को उनके निर्वाचन क्षेत्र पीलीभीत से टिकट नहीं दिए जाने के कुछ दिनों बाद, उनकी मां और भाजपा सांसद मेनका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की अपनी 10 दिवसीय यात्रा पर चुप्पी तोड़ी और पार्टी का हिस्सा बनने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मैं बीजेपी में हूं। मुझे टिकट देने के लिए मैं अमित शाह, पीएम मोदी और नड्डा जी को धन्यवाद देती हूं। टिकट की घोषणा बहुत देर से हुई, इसलिए दुविधा थी कि कहां से लड़ूं। पीलीभीत या सुल्तानपुर से। अब पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा सत्ता में नहीं आया। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित होने के बाद मेनका गांधी की यह सुल्तानपुर की पहली यात्रा थी। जिले के अपने 10 दिवसीय दौरे पर वह पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांवों का दौरा करेंगी।वहीं, मेनका गांधी ने आखिरकार अपने बेटे वरुण गांधी को टिकट न दिए जाने पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव के बाद वरुण के भविष्य के बारे में चर्चा करेंगी, जिससे संकेत मिलता है कि निर्णय लेने के लिए अभी भी पर्याप्त समय है।मेनका गांधी ने कहा कि यह उससे पूछो। वरुण का टिकट कटने के बाद हमारे बारे में बहुत सारी बातें कही गईं। वरुण गांधी के रायबरेली-अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगाी। आइए इस विषय को छोड़ें। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में हूं, दूसरी पार्टी (कांग्रेस) की नेता नहीं जो उसके बारे में आपको जानकारी दूं। उन्होंने कहा कि वरुण और उनकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है और मेरी समधन (वरुण की सास) को दिल का दौरा पड़ा है, इसलिए वह नहीं आ पा रहे हैं। इस बार मैं और मेरी पार्टी चुनाव की कमान संभालेंगे।

# संजय निरुपम पर कांग्रेस ने लिया एक्शन, 6 साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

कांग्रेस द्वारा छह साल के लिए निष्कासित किए गए संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी ने उनका त्याग पत्र मिलने के बाद उन्हें निष्कासित कर दिया है। पूर्व सांसद, जिन्होंने लोकसभा और राज्यसभा दोनों का प्रतिनिधित्व किया था, को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट बंटवारे की बातचीत के बीच अपनी पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधने के कुछ दिनों बाद कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए अपने इस्तीफे के मेल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए निरुपम ने एक्स पर लिखा, ऐसा लगता है कि पार्टी को कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद, उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया। इतनी तत्परता देखकर अच्छा लगा। बस यह जानकारी साझा कर रहा हूं।मुंबई उत्तर से पूर्व सांसद निरुपम ने तब कांग्रेस के राज्य नेतृत्व पर निशाना साधा था, जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी, जिसमें मुंबई उत्तर पश्चिम सीट भी शामिल थी, जहां वह थे।उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व को खुद को शिवसेना (यूबीटी) द्वारा अपमानित होने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा था, मुंबई में एकतरफा उम्मीदवार उतारने के शिवसेना (यूबीटी) के फैसले को स्वीकार करना कांग्रेस के विनाश को अनुमति देने जैसा है।

# दिहाड़ी पर दो हजार के नोट बदलवाने का सिंडिकेट सक्रिय, सात पकड़े गए

## काले धन को खपा रहा था गिरोह



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। रिजर्व बैंक की पिछले सितंबर में दो हजार के नोट बदलने की समय सीमा समाप्त होने के बाद अब छूटे हुए दो हजार के नोट बदलने के लिए खुद भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह सुविधा दी थी। जिनके पास नोट रह गए हैं वे अपना आधार कार्ड लाकर स्वयं रिजर्व बेंक से एक्सचेंज करा सकते हैं। जिसमें शुरुआती महीनों में बीस नोट तक की सीमा थी ।फिर वह घटकर दस नोट रह गई। पर कुछ माफियाओं ने इसका फायदा उठाने के लिए नेताओं और व्यापारियों का नोट बदलवाने का व्यापार शुरू कर दिया। ऐसा ही 2 हजार के नोट बदलवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने 7 लोगों को पकड़ा है। जो रिजर्व बैंक में नोट बदलवाने पहुंचे थे। एसीपी ने दावा किया है कि जांच में उन्हें सुराग मिले हैं। जल्द ही पूरे सिंडिकेट का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। नेताओं-कारोबारियों के पास जमा नोट को बदलवाने के लिए शहर से लेकर राजधानी तक एक बड़ा सिंडिकेट एक्टिव है। जो रोजाना रिजर्व बैंक में दिहाड़ी के मजदूरों को लाइन में लगवाकर नोट बदलवा रहा है।

एसीपी अर्चना सिंह ने बताया, शहर में रोजाना दो हजार के नोट बदलवाने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। इनपुट मिला कि बंद हो चुके दो हजार के नोट को बदलवाने के लिए एक सिंडीकेट काम कर रहा है। कोतवाली पुलिस ने छापेमारी करके 7 लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया।

आरबीआई से 2 हजार के 10 नोट बदलवाने में सक्रिय सिंडीकेट शहर के अलग-अलग इलाकों से लोगों को लाइन में लगवाकर रुपए बदलवाता है। इसके बदले में दिहाड़ी पर 300 से 500 रुपए देता है। पकड़े गए लोगों ने बताया, कार से ठेकेदार रोजाना आता है। 150 से 200 लोगों को 20-20 हजार रुपए बांट देता है। उसके आदमी आरबीआई के बाहर मौजूद रहते हैं। जो व्यक्ति रुपए बदलवाकर बाहर निकलता है उसकी दिहाड़ी देकर एक्सचेंज मनी अपने पास रख लेता है। इस तरह से रोजाना लाखों रुपए के काले धन को बदलवाने का काम चल रहा है। आदमी जुटाने से लेकर कैश कलेक्शन करने तक अलग-अलग व्यक्ति काम संभाल रहे हैं। एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया, उन्हें जांच में कई अहम साक्ष्य मिले हैं। साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही नोट बदलवाने वाले सिंडीकेट का खुलासा करेंगी। इसमें शामिल सभी आरोपियों को जल्द जेल भेजा जाएगा। जो व्यक्ति अपना पहचान पत्र देकर रुपए बदलवाएगा उसे 300 से 500 रुपए मिलेगा।

एसीपी की मानें तो सिंडीकेट में शामिल रोहित, राकेश और सुधीर भी मोहरा हैं। इनको भी रोजाना लाखों का कैश कोई पहुंचा जाता है। अब तक की जांच में कानपुर, लखनऊ और दिल्ली आरबीआई में सिंडीकेट सक्रिय है। लेकिन कानपुर में पुलिस की सख्ती नहीं होने के चलते गिरोह सबसे ज्यादा तेजी से काम कर रहा है। दिल्ली और लखनऊ में इतनी फ्लो में नोट एक्सचेंज नहीं हो पा रहा। क्योंकि नोट बदलवाने के लिए उन्हें लोग नहीं मिल पा रहे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी ने जनसंवाद कार्यक्रमों में लिया हिस्सा



कानपुर । भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने रविवार को आधा दर्जन से भी अधिक जगहों पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह एवं जोश से सेंट्रल स्टेशन व शनिवार को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर भीड़ उमडी उसने साबित कर दिया है कि यह सीट फिर से भाजपा रिकार्ड मतों से जितेगी। गोबिन्द नगर जय श्री कृष्णा पार्क मे आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार करते हुए नासूर बन चुके इस दावानल को काफी हद तक कमजोर कर दिया है ।अब गरीब का पैसा सीधे जनधन खाते के जरिए उसके खाते मे जा रहा है। पूर्व विधायक अजय कपूर ने कहा कि रमेश अवस्थी की जीत को कोई नही रोक सकता ।हमारा लक्ष्य अबकी बार कानपुर मे 5 लाख के पार,से अधिक की जीत होना चाहिए। रमेश अवस्थी ने आगे कहा कि वह जल्द ही एक टोलफ्री नबंर जारी कर शहर के विकास के लिए जनता से सुझाव मागेंगे ।उन्होंने कहा कि अभी भी कानपुर के विकास के लिए काफी कुछ करना बाकी है ।अब नेता, अधिकारी नही बल्कि जनता तय करेगी कि शहर का विकास कैसे और किस तरह हो। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेन्द्र सब्बरवाल, प्रकाश वीर आर्य,अनिल त्रिपाठी, सुनील नारंग, विपुल त्रिवेदी, अरूण कुमार बाजपेई, उदयवीर सिंह गौर,पार्षद अनिल यादव, नीरज चड्ढा आदि रहे ।

# शतरंज चैंपियनशिप में अप्रतिम और भाविका बनी चैंपियन



कानपुर। मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन अरमापुर स्टेट स्थित जूनियर क्लब में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त महाप्रबंधक अनूप मुखर्जी एवं आयुध निर्माणी के संयुक्त महाप्रबंधक सुधीर यादव ने किया।

चैंपियनशिप में 7 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के 100 प्रतिभागियों ने अपनी बुद्धिमत्ता एवं एकाग्रता का परिचय दिया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि आयुध निर्माणी के वरिष्ठ महाप्रबंधक संदीप कन्हाई एवं महाप्रबंधक आरके सिंह के द्वारा संपन्न हुआ। शतरंज चैंपियनशिप का संचालन कानपुर मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव विनय अवस्थी ने किया।सभी खिलाड़ियों को बाल गोविंद अवस्थी, दिलीप श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, जितेंद्र सिंह, नवीन विश्वकर्मा, रक्षा चतुर्वेदी, यशवंत श्रीवास्तव, मुकेश साह, अरुण प्रताप सिंह,सुनील कुमार, महेंद्र, दीपक शुक्ला आदि ने सभी खिलाड़ियों को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# कुएं में गिरने से बुजुर्ग की हुई मौत



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। घाटमपुर के नरसिंहपुर गांव में घर से गेहूं काटने निकले बुजुर्ग का पैर फिसल गया। जिससे वह खेत में बने मुंडे कुएं में जा गिरा। हादसे में बुजुर्ग की कुएं में तड़पकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग के शव को कुएं से बहार निकाला। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी 72 वर्षीय रामसिंह खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। घर पर बेटा घनश्याम रहता है। घनश्याम ने बताया कि उनके पिता रामसिंह रविवार की सुबह घर से डंडे के सहारे खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटने गए थे। खेत में पास स्थित मुंडे कुएं में उनका पैर फिसल गया। जिससे वह कुएं में जा गिरे। कुएं में पानी होने के चलते बुजुर्ग की तड़पकर मौत हो गई। खेत जा रहे ग्रामीणों ने कुएं के पास बुजुर्ग का डंडा पड़ा देखा तो कुएं में झांककर देखा। तो बुजुर्ग का शव कुएं में उतरता दिखाई दिया। ग्रामीण ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान और परिजनो को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंचें परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव ने फोनकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया पैर फिसलने से बुजुर्ग की कुएं में गिरकर मौत होने की बात सामने आई है। जांच की जा रही है।

# ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नही, बैनर तले किया जोरदार प्रदर्शन




कानपुर। घाटमपुर के कछवाहीनपुर गांव में रोड नही तो वोट नहीं बैनर तले ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। यहां पर ग्रामीणों ने मतदान बहिस्कार करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है, कि कई वर्ष बीते पर उनकी रोड की हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिसको लेकर ग्रामीणों में जनप्रतिनिधो के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है, कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय पर गांव आकर वादे करते है। पर उन्हें पूरा नहीं करते जिसके चलते वह इस बार मतदान नही करेंगे।

**-रोड नही तो वोट नहीं बैनर तले प्रदर्शन, ग्रामीण बोले सांसद ने नही दिया ध्यान**

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कछवाहीनपुर गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो चुका है। रविवार दोपहर यहां पर गांव निवासी राघवेंद्र कुशवाहा, वीरेंद्र सचान, राजकुमार, भूपेंद्र, कैलाश के साथ लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने गांव के किनारे रोड नही तो वोट नहीं बैनर तले प्रदर्शन किया है। उन्होंने ने बताया कि वह बीते एक वर्ष से लगातार सड़क बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियो समेत अधिकारियो से गुहार लगा रहे है। लेकिन उनकी इस समस्या की ओर ध्यान देने वाला कोई नही है। ग्रामीणों का आरोप है, कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय पर गांव आकर बड़े बड़े वादे करते है। लेकिन चुनाव के दौरान किए गए वादों को वह पूरा करना भूल जाते है।

# अनादि काल से अध्यात्म द्वारा ही मातृ शक्ति को सही दिशा हुई प्राप्त

कानपुर । मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हंस मंदिर श्याम नगर बाईपास पर श्री सतपाल जी महाराज की माता श्री राज राजेश्वरी देवी जी के पावन जयंती पर सत्संग कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने सत्संग प्राप्त किया। तत्पश्चात साध्वी प्रज्ञा बाई जी, साध्वी सम्पदा बाई जी, साध्वी इंद्रावती बाई जी, एवं नेहा बाई जी ने अपने सत्संग विचार रखें। अंत में आश्रम प्रभारी मानस मर्मज्ञ साध्वी चंदन बाई जी ने अपने सत्संग विचारों में कहा कि अनादि काल से अध्यात्म द्वारा ही मातृ शक्ति को सही दिशा प्राप्त हुई है और अनेक देवियों के नाम इतिहास में अमर है जैसे माता सीता, सती अनुसूया, सती सावित्री ,मीराबाई आदि के नाम आध्यात्म के द्वारा ही रोशन हुए वैसे तो समाज नारी को अबला कहता है ।










# आईएमए भवन में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

कानपुर । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का अयोजन आईएमए भवन परेड में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार गुप्ता निदेशक शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लिमिटेड ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक आईएमए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी के चेयरमेन डॉ वी सी रस्तोगी, कन्वीनर डॉ ए सी अग्रवाल एवं डॉ कुनाल सहाय सचिव आईएमए कानपुर उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सक जनरल फिजीशियनडॉ अंबिका प्रसाद डॉ वी के कपूर डॉ. कीर्ति जलोटा मेहरोत्रा नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेंद्र शुक्ला डॉ संजीव कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अवध दुबेडॉ शालिनी मोहन हड्डी रोग विशेषज्ञडा. संजय रस्तोगीडा. के के त्रिपाठी गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा. अर्चना भदौरिया मधुमेह विशेषज्ञ डा. ए सी अग्रवालस्त्रीरोग विशेषज्ञडॉ रीता मित्तल डॉ किरन सिन्हा डा मनीषा बाजपई बाल रोग विशेषज्ञडॉ सविता रस्तोगीडॉ वी एन त्रिपाठी मूत्र रोग विशेषज्ञडॉ अविजित कुमारन्यूरो विषेशज्ञडॉ नवनीत कुमारडॉ शैलेश कुमारचर्म रोग विशेषज्ञडॉ डी पी शिवहरे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एस एस सिंघलडॉ कुनाल सहाय डॉ अवधेश शर्मा डॉ अमित कुमार सर्जनडॉ यू सी सिन्हा कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश सिंह सचान डॉ कुनाल सहाय सचिव आदि रहे ।







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।